दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001
वर्ष :- 02 अंक :- 308 मुरादाबाद, 07 March 2023 (Tursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## उमेश पाल के हत्यारों को ऐसी सजा मिलेगी जो नजीर बनेगी, UP अपराध मुक्त करना सरकार का संकल्प



मुरादाबाद- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोमवार को मुरादाबाद में रहे। इस दौरान उन्होंने भाजपा कार्यालय पर पदाधिकारियों के साथ बैठक की। सभी को होली की बधाई दी। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री उनको दिए गए क्षेत्रों में लगातार प्रवास कर रहे हैं। अब इसी तर्ज पर प्रदेश के मंत्रियों के प्रवास कार्यक्रम जल्द घोषित किए जायेंगे।

### पूरे प्रदेश से मिल रहा समर्थन

मुरादाबाद मंडल को छोड़कर पूरे प्रदेश में हमें समर्थन मिला, कहीं न कहीं हम जनता की अपेक्षा पर खरे नहीं उतरे। इस बार और ज्यादा मेहनत करनी है और बेहतर परिणाम लाने हैं। हमें जनता के बीच जाना है, और सरकार की उपलब्धियां बतानी हैं। निकाय चुनाव पर उन्होंने कहा कि चुनाव कभी भी हो सकते हैं, इसलिए सभी तैयार रहें। पिछली बार महापौर की दो सीटों पर हार मिली थी, इस बार सभी सीटें जीतनी हैं।

### स्वीकृति मिलते ही होगी नई

### कार्यकारिणी की घोषणा

इसके बाद पत्रकार वार्ता में कार्यकारिणी में बदलाव के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी में प्रदेश कार्यकारिणी का समय जून 2024 तक बढ़ा दिया है। थोड़े बदलाव होने जैसे जो नेता संगठन से सरकार में चले गए हैं या अन्य जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, उनके स्थान पर नए पदाधिकारी नियुक्त किए जाने हैं। इनकी सूची केंद्रीय कार्यकारिणी को भेज दी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष की स्वीकृति मिलते है घोषणा कर दी जाएगी। स्थानीय कार्यकारिणी में बदलाव पर उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया।

### प्रयागराज की घटना पर बोले

प्रयागराज की घटना पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उमेशपाल हत्याकांड में शामिल लोगों को ऐसी सजा दिलाई जाएगी जो नजीर बनेगी। सरकार अपराध, भ्रष्टाचार, बेइमानी और माफिया से प्रदेश को मुक्त करने के लिए संकल्पित है। प्रदेश में यह सब सपा सरकार के संरक्षण में फला फूला था। योगी सरकार प्रदेश को अपराध मुक्त बनाने का कार्य कर रही है। यही कारण है कि प्रदेश में उद्यमी निवेश कर रहे हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का परिणाम जल्द सामने आएगा, हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा

### कांग्रेस को बताया भ्रमित पार्टी

महंगाई को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर भपेंद्र सिंह ने कहा कि अब उसका कोई राजनीतिक आधार नहीं रह गया है, वह पूरी तरह भ्रमित पार्टी है। यह समस्या वैश्विक है। दुनिया के अन्य देशों की तुलना में भारत की अर्थ व्यवस्था प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बेहतर चल रही, देश तरक्की कर रहा है। विपक्षी दलों के गठबंधन के बारे में कहा कि यह सब लोकतंत्र का हिस्सा है, साथ जा सकता है। भाजपा विचारधारा आधारित राजनीति करती है, सामान विचारधारा वाले और जनता के हित के लिए कार्य करने वाले दलों का स्वागत है।

## अप्रचलित 65 कानूनों को खत्म करेगी सरकार, संसद सत्र में लाएगी बिल



देश की अदालतों में लंबित मामलों पर किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार लंबित मामलों के खत्म करना चाहती है। देश की अदालतों में 4 करोड़ 98 लाख मामले लंबित हैं। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को कहा कि सरकार 65 अप्रचलित कानूनों को खत्म करने के लिए आगामी संसद सत्र में बिल पेश करेगी। बता दें कि जिन कानूनों को खत्म किया जाएगा, उनकी जगह या तो नए कानून आ गए हैं या फिर वह अब इस्तेमाल में नहीं हैं। संसद सत्र आगामी 13 मार्च से शुरू होने जा रहा है। गोवा में 23वीं कॉमनवेल्थ लॉ कन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कानून मंत्री ने यह जानकारी दी।

### पिछले साढ़े आठ साल में 1486 अपचलित कानून खत्म किए

कानून मंत्री ने कहा कि सरकार ये मानती है कि कानून लोगों के लिए होते हैं और अगर यह लोगों की जिंदगी पर बोझ बन जाएं तो ऐसे प्रावधानों को खत्म कर देना चाहिए। बीते साढ़े आठ सालों में हमने ऐसे 1486 कानून खत्म किए हैं। बजट सत्र का आगामी सत्र 13 मार्च से शुरू हो रहा है। इस बजट सत्र में हम एक बिल पेश करेंगे, जिसमें अप्रचलित 65 कानूनों और प्रावधानों को खत्म किया जाएगा। देश की अदालतों में लंबित मामलों पर किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार लंबित मामलों के खत्म करना चाहती है। देश की अदालतों में 4 करोड़ 98 लाख मामले लंबित हैं।

### ई कोर्ट शुरू किए गए

कानून मंत्री ने कहा कि इन्हें खत्म करना आसान नहीं है क्योंकि जितने मामले निपटाए जाते हैं, उससे दोगुने नए मामले आ जाते हैं। जज बहुत मेहनत से काम कर रहे हैं लेकिन यह और भी चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। एक सामान्य परिस्थिति में एक जज हर दिन लगभग 50-60 मामलों पर सुनवाई करते हैं लेकिन कुछ जज एक दिन में 200 मामलों की भी सुनवाई कर रहे हैं लेकिन लंबित मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। रिजिजू ने कहा कि लंबित मामलों से निपटने के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। ई कॉर्ट और स्पेशल प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई हैं। हमारा लक्ष्य न्यायपालिका को पेपर मुक्त करना है।

### मध्यस्थता बिल लाएगी सरकार

कानून मंत्री ने कहा कि जल्द ही मध्यस्थता बिल भी लाया जाएगा ताकि मध्यस्थता को देश में संस्थागत किया जाए। रिजिजू ने कहा कि मोदी सरकार ने लोगों की जिंदगी को आसान बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। देश के हर हिस्से में लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला है। एक कल्याणकारी राज्य होने के नाते ये अहम है कि हम सभी की बात सुनें। बता दें कि इस कार्यक्रम में गोवा के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई और मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत समेत 52 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## दिल्ली शराब घोटाला केस: 20 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेजे गए मनीष सिसोदिया, तिहाड़ जेल में ही मनेगी होली




दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ्तारी पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की होली जेल में ही मनेगी। राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 मार्च तक के लिए भेज भेज दिया है। आप नेता और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की होली तिहाड़ जेल में मनेगी। दिल्ली आबकारी नीति मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 मार्च तक के लिए भेज दिया है। सोमवार को सिसोदिया को सीबीआई की रिमांड खत्म होने पर राउज एवेन्यू कोर्ट लाया गया था। सुनवाई के बाद सिसोदियो को पुलिस सुरक्षा के बीच तिहाड़ जेल ले जाया गया। उन्हें गीता, डायरी और पेन रखने की इजाजत दी है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर दवाएं रखने की भी इजाजत मिली है। कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को 20 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला सुनाया। सिसोदिया की अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ही पेशी होगी। दरअसल, चार मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की सीबीआई रिमांड को दो दिन और बढ़ा दिया था। हालांकि सीबीआई ने अदालत से मनीष सिसोदिया को तीन और दिनों के लिए रिमांड पर देने की मांग की थी। अदालत ने सिसोदिया द्वारा दायर जमानत पर सीबीआई को नोटिस भी जारी किया। सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई 10 मार्च को होगी। आपको बता दें कि दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एक सप्ताह से सीबीआई की हिरासत में हैं। सिसोदिया को गिरफ्तारी के बाद पांच दिनों के लिए सीबीआई की हिरासत में भेज दिया गया था। उन्हें शनिवार को अदालत में पेश किया गया था,

विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने केंद्रीय एजेंसी को दो और दिनों के लिए अपनी रिमांड पर भेजा था। सिसोदिया की और रिमांड मांगते हुए, सीबीआई के वकील ने कहा था, 卐वह अभी भी असहयोगी है और हमें दो व्यक्तियों के साथ उसका सामना करने के लिए उसकी और हिरासत की आवश्यकता है।卐 सीबीआई ने अदालत से कहा था, 卐उनके मेडिकल में काफी समय चला गया। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में एक पूरा दिन चला गया, जिसे खारिज कर दिया गया। नई शराब नीति में हुए भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किए गए पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को शनिवार दोपहर राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। इस दौरान सीबीआई मुख्यालय से लेकर राउज एवेन्यू कोर्ट तक सुरक्षा के भारी बंदोबस्त रहे। एहतियात के तौर पर दिनभर डीडीयू मार्ग को बंद रखा गया था।

## राबड़ी आवास से 5 घंटे बाद निकली CBI की टीम, तेजस्वी बोले- 2024 तक यह सिलसिला चलता रहेगा




राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की पत्नी पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर सोमवार सुबह CBI की टीम पहुंची। करीब 5 तक राबड़ी देवी से पूछताछ के बाद टीम राबड़ी आवास से बाहर निकली। CBI अधिकारियों ने मीडियो बातचीत करने की कोशिश लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया और चले गए। टीम जमीन के बदले नौकरी केस में पूछताछ कर रही है। इस केस में लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती समेत 14 लोग आरोपी हैं। 15 मार्च लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया है। जिस समय टीम पहुंची, राबड़ी देवी विधान परिषद् जाने की तैयारी कर रही थीं। इस मामले में डिप्टी सीएम ने कहा कि राबड़ी आवास पर CBI की टीम पूछताछ कर रही है। इस मामले पर उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि हम तो निकल गए थे। इसके बाद पता चला कि CBI की टीम पहुंची है। बताया कि जमीन के बदले नौकरी केस में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से पूछताछ कर रही है। देखिए, हमलोग तो निश्चिंत हैं। हर महीने सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स आते रहते हैं। 2024 तक यह सिलसिला चलता रहेगा। इससे हमलोगों को कोई फर्क नहीं पड़ा। जब कोई गलत हुआ नहीं तो उसकी चिंता हमलोगों को नहीं है।

### 2024 के चुनाव में जनता जवाब देगी

इधर, राबड़ी आवास के बाहर राजद समर्थक धरने पर बैठ गए हैं। उनका कहना है कि लालू प्रसाद सिंगापुर से लौटे हैं। उनकी थोड़ी सी सक्रियता बढ़ी और एक कार्यक्रम में उन्होंने जनता को संबोधित किया। इसके बाद केंद्र सरकार भयभीत हो गई। बिहार में सबलोग होली की तैयारी में लगे हैं और भाजपा वालों CBI की टीम भेजी है। संस्थाओं का दुरुपयोग किया है। 2024 के चुनाव में जनता इसका माकूल जवाब देगी।

### तेज प्रताप यादव विधानसभा के लिए निकले

विधान परिषद् सदस्य और उनके मुंहबोले भाई सुनील कुमार सिंह भी वहीं मौजूद थे। लालू के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव करीब साढ़े 11 बजे विधानसभा के लिए गाड़ी में बैठकर निकले। इसके बाद वह करीब डेढ़ बजे साइकिल से वापस विधानसभा लौटे। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव सिंगापुर से किडनी ट्रांसप्लांट कराकर पिछले महीने ही भारत लौटे हैं।

### यह पूछताछ पहले CBI कार्यालय में होने वाली थी

सूत्रों की मानें तो CBI की टीम द्वारा पूछताछ का कार्यक्रम पहले से तय था। इसके लिए CBI ने नोटिस भेजी थी। पहले तो यह पूछताछ CBI कार्यालय में होने वाली थी, लेकिन बाद राबड़ी आवास पर पूछताछ करने के लिए टीम पहुंची। सोमवार सुबह एक दर्जन अधिकारी 3 गाड़ी से राबड़ी आवास पहुंचे। CBI की टीम ने पिछले साथ मई और अगस्त में लालू-राबड़ी उनके करीबियों के 17 ठिकाने पर पहुंची थी।

### राबड़ी आवास के बाहर राजद समर्थकों की भीड़

इधर, CBI की टीम पहुंचे की सूचना पर राबड़ी आवास के बाहर राजद समर्थकों की भीड़ जुट गई। समर्थक केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी करने लगे। उनका कहना है कि मोदी सरकार लालू-तेजस्वी से डरी हुई है इसलिए ष्क्च्छ की टीम को यहां भेजा है। राजद विधायक ने कहा कि लालू परिवार को टॉर्चर करने, धमकाने और सरेंडर के लिए CBI की टीम यहां भेजी है। गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि लालू और तेजस्वी किसी कीमत पर झुकने वाले नहीं है। जनता इसका माकूल जवाब 2024 में देगी।

संपादकीय Editorial

# Rahul on foreign platform

After all, what is the agenda of senior Congress MP Rahul Gandhi? What narrative is he determined to set in Indian politics? It can be accepted that he has a personal enmity with Prime Minister Modi, but he will also be concerned about India's respect and its global reputation! Why has Rahul been presenting wrong facts from foreign forums of Bahrain, Malaysia, Singapore and Britain again and again? Is this not anti-national? Such is the gist of these speeches, which he has already spoken in the Parliament and outside the Parliament. His allegation is also wrong that if the opposition speaks something against the government, they are put in jail. Rahul speaks inside the Parliament as well and has been making a lot of statements in the premises of the Parliament. It is a matter of fact that he has also been speaking 'unparliamentary', so those parts are expunged from the record. Foreign forums may try to tarnish India's image, but Rahul Gandhi is also an Indian citizen and an elected parliamentarian. The Congress has been obstructing the proceedings of the Parliament on the Pegasus spying episode. The final decision of the Supreme Court on this issue is yet to come. Although the court has given a partial decision through a report that no spying or tapping of Rahul's phone has been done. Yet from the forum of Cambridge University, in the guise of a professor, he has alleged that opposition leaders' phones are being snooped on, using an Israeli spyware. The Government of India is not ready to tell whether it has purchased Pegasus or not. Rahul's traditional allegation has been that democracy and the Constitution are under threat in India.

Parliament, media and judiciary are acting under pressure. However, Rahul Gandhi should ask himself that the politics he and his party are doing in India, contesting elections and making statements against the Prime Minister, is it possible to do so in a dictatorial regime? While praising China, Rahul has described it as a 'believer in harmony' and a peace-loving country. The one who usurped the territories of the neighboring countries, the occupier, the one who massacred thousands of students of his own country, the one who gave the corona virus epidemic to the world, the one who trapped the countries in debt trap, is China a 'peace loving' country? can? Veteran leaders like George Fernandez and Mulayam Singh Yadav, who were the country's defense ministers, had termed China as India's 'enemy number one' country. After all, what new diplomatic research has Rahul Gandhi done? In fact, this country knows very well that during whose reign China had occupied about 40,000 square kilometers of our precious land? Of course there have been encroachments along the Line of Control and our brave soldiers have broken the bones of the Chinese and chased them away. Rahul Gandhi or the Congress may have their own prejudices towards China, they may also have mutual agreements, but China is a completely dictatorial type of expansionist country. We did not even understand that Congress leaders were proud of hoisting the tricolor at Srinagar's 'Lal Chowk' at the end of 'Bharat Jodo Yatra', but Cambridge University termed Kashmir as a 'violent state' affected by militancy. Rahul has made wrong statements on foreign soil against his own country. How can this country accept?

# World Wildlife Day: Lifeline of conservation in cities, life of many birds dependent on trees

This year, the temperature of the winter months has already broken records in some parts of North India. Under such stressed conditions, biodiversity is already under pressure. Imagine the plight of animals who have few sources of food and shade. Urbanization is taking place rapidly all over the world. According to the United Nations, by 2050, 2 out of every 3 citizens of the world will live in urban areas. Natural ecosystems such as forest areas are shrinking due to this urbanization. In place of these forests, we see high-rise buildings, roads and other infrastructure projects. This change in land use has already led to a decline in the numbers of various species. Amidst this growth, urban green space is not only an important means of conserving dwindling biodiversity but also the ultimate means for city dwellers to stay connected with nature. It is a pleasant experience for any city dweller to stand on the roof and look at the green fields below. This greenery not only gives comfort to watch but also provides many services to humans and many living beings. Mature trees regulate water flow and help prevent flooding. Studies have found that urban green spaces with the help of trees are generally cooler than their surroundings. These trees also provide a cool place to itinerant vendors and poor street dwellers. Trees are the shelter of many birds- In demarcated campuses of cities, we can see greenery in big parks, schools, college campuses, residential colonies and big office places. The main functional unit of these green spaces are trees. These trees define the habitat and influence the biodiversity found in any given complex. For example, in urban green spaces, coconut, mango and neem trees provide nesting sites for some birds such as tree-hoppers, including spotted owls, parrots, mynas and Eurasian hoopoes. If we look beyond these designated green spaces, we will see trees along the roads. These trees can be divided into two categories, one is the long row of trees found along the highways and major roads. These usually contain trees such as tall eucalyptus. These provide places for roosting birds such as the red-naped ibis. The second category of trees are old trees which have a wide distribution. An example is the banyan tree. A single tree can be a nesting site for several heron species. Dozens of birds of these species nest together on these trees. Life of the banyan, faith and many species - In rapidly developing cities where large numbers of trees are cut to make room for buildings and roads, the Indian banyan is enriched is allowed to happen. This is because this tree is revered by many peoples, especially Hindus. Small temples or places of worship are found under these big old trees. The tree produces fruit that is food for wasps, civets, jackdaws, ants and bats. Loris, whose population is declining due to habitat loss, also feed on these fruits. Like the Indian banyan, the jamun tree is also a food source for many species. Jamun is not grown as an orchard tree but along roadsides and parks. This evergreen tree is sold by street vendors in cities. It is found throughout the country and also grows in dry climate and poor soil conditions. Jamun has been grown in cities in Delhi and tons of its fruits have been sold since the British era. There are many more attractive and beautiful trees around us. But only a few of us understand their importance. The current year 2023, has already broken the temperature records for the winter months in some parts of North India. Under such stressed conditions, biodiversity is already under pressure. Imagine the plight of animals who have few sources of food and shade. Those of us who have garden space and backyards may want to consider planting native timber trees which make a significant contribution to biodiversity conservation. In this way, green trees in cities can increase and preserve more biodiversity over time.

# Holi of Manipur is very special, traditions are still alive in Yaosang festival

Even today, Holi in Manipur is celebrated in a full spiritual atmosphere, where Holi means joy and gaiety. People of Meitei tribe of Manipur celebrate 'Yaosang' festival just like Holi. Amazing celebration of Holi is seen in Manipur, here women celebrate Holi i.e. 'Yaosang' festival with full gaiety with men throughout the night. Even today, Holi is celebrated in Manipur with full tradition and gaiety. Even today, Holi in Manipur is celebrated in a full spiritual atmosphere, where Holi means joy and gaiety. People of Meitei tribe of Manipur celebrate 'Yaosang' festival just like Holi. Neither obscenity has increased nor modernity has entered Holi here. What is the spiritual meaning of Holi, it can be seen by coming to Imphal. Holi is celebrated for two days in North India, but people in Manipur celebrate Holi for a full six days. That too with Radha and Krishna. People may know Manipur for militancy and violent movements, but there is also a truth that there is no answer to Manipuri Holi. 'Yaosang' festival - The whole Manipuri valley gets intoxicated in the fun of Holi. The Manipur government declares a holiday for three days on this occasion. The only difference is that here it is named 'Yaosang' festival. In fact, the people of Manipur have been celebrating the Yaosang festival for centuries. After the influence of Vaishnavism, the Yaosang festival and Holi merged into one in the 18th century. The six-day Holi begins with Phalgun Purnima. That night people make huts out of grass, straw, wood etc. and set it on fire. People in North India know it by the name of Holika Dahan. The next morning the children go from house to house collecting donations and voluntarily asking for donations from passers-by by tying a rope on the way, which is called Nakatheng. The items and money collected from the donations are used for the group feast. This sight can be seen in the entire Manipur valley. On the second day, people go to the Radha-Govind temple, sing Phaguwa, meet each other. A group of boys play Holi with a group of girls. Everything happens in a limited environment. No fuss. This day is waited for the whole year. The enthusiasm of youth is created by seeing that day. The interesting thing is that girls take money from boys to play Holi with them. The use of wet colors is completely prohibited in Holi, only Gulal is used. There is a tradition of performing 'Thabal Chongba dance' on the occasion of Holi. Thabal means moonlight and Chongba means dance. This dance lasts for six days in all regions and through this, young men and women get a chance to meet. In fact, it is through 'Thabal Chongba dance' that a young man or woman gets a chance to dance holding hands with their choice and express their love. This is the reason why the younger generation waits for this festival. Earlier only drum or dholak was allowed to be played during this dance, but now modern instruments are being used.

# Letter from opposition parties, why only eight parties believe that central agencies are being misused

After the arrest of former Deputy Chief Minister Manish Sisodia in connection with Delhi's liquor policy, a letter written by eight opposition parties to the effect that central agencies are being misused raises many questions. Along with the Aam Aadmi Party, leaders of seven other opposition parties have also signed this letter. First of all, the question arises that why only seven opposition parties, except the Aam Aadmi Party, have come to the conclusion that central agencies are being misused. Apart from this, the question also arises that Trinamool Congress chief and Bengal Chief Minister Mamta How can Banerjee sign this letter? Should the Bengal teacher recruitment scam be ignored? The recruitment of teachers was scammed and done very brazenly, concludes the Calcutta High Court. Do other parties, including the Trinamool Congress, want the people of the country to forget that cash worth crores was recovered from Arpita Mukherjee, a close aide of Bengal minister Partha Chatterjee arrested in the teacher recruitment scam? If Trinamool Congress considers Partha Chatterjee innocent then why did it suspend him from the party?

If parties complaining about misuse of central investigative agencies are to be believed, Manish Sisodia was arrested without any evidence. If so, then why did the court send him on CBI remand while refusing him bail? The more important question is that if there was no flaw in the liquor policy, then why was it withdrawn as soon as the scandal broke out? Can the opposition parties take responsibility that there was no flaw in the liquor policy withdrawn by the Delhi government and that the liquor vendors were not getting any undue benefit from it? There is also a question whether the letter-writer can give proof of the innocence of other leaders, including Manish Sisodia, the leader of the opposition parties, who are under the scanner of central agencies for scams and scams?

It is surprising that Lalu Yadav, who has been sentenced in the fodder scam, is also mentioned in the letter of the opposition leaders. It is true that there is no government which is not accused of misusing the central investigative agencies, but it does not mean that political corruption has been completely curbed. Political corruption is a harsh reality. Similarly, it is also a fact that political parties also manage money through scams to run their politics. This is the reason why scams and scams of politicians keep coming to the fore.

# अपराधियों-आतंकियों को संरक्षण देने वाली पार्टी है सपा



मुरादाबाद- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी आतंकियों और अपराधियों के साथ हमेशा खड़ी रही है। सपा शासनकाल में प्रदेश में गुंडाराज था। भाजपा अपराध और अपराधियों के खिलाफ कठोर कारवाई कर रही है इसलिए सपा नेताओं में बौखलाहट है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सोमवार को बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से पूर्व की सरकारों के कार्यकाल में न्यायापालिका के केंद्र पर, धार्मिक स्थलों पर आतंकवादियों ने हमले व विस्फोट किए थे। ऐसे आंतकियों व उनका सहयोग करने वाले अपराधियों पर से सपा ने मुकदमा वापस लिया था। अब भाजपा सरकार अपराध के खात्मे पर लगी है तो बौखलाहट स्वाभाविक है। उन्होंने प्रयागराज की घटना को दुखद बताया। कहा कि भाजपा की संवेदना पीड़ित परिवार के साथ हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि इस घटना में जो भी दोषी होंगे उन पर कठोर कार्रवाई होगी जो नजीर बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रयागराज प्रकरण में.जो भी दोषी हैं उन पर बुलडोजर भी चलेगा। राहुल गांधी द्वारा विदेशों में जाकर भारत की छवि खराब करने और चीन को लेकर दिए बयान पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा लोकतंत्र के दमन का सबसे बड़ा काम इंदिरा गांधी के समय में हुआ था। इमरजेंसी लगा दी, हमारे नागरिक अधिकार स्थागित कर दिए, सभी विपक्षी दलों के नेता जेल में डाल दिए। लोकतंत्र के अध्याय इमरजेंसी जैसा सबसे बड़ा काला अध्याय कांग्रेस की देन हैं। कांग्रेस नेता अपना इतिहास ध्यान में नहीं रखते। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री रहते हुए राजीव गांधी ने अपने ब्यान में एक बार कहा था कि यहां से 100 रूपये भेजते हैं और 15 रुपये जनता तक पहुंचते हैं। इससे साफ है कि कांग्रेस सरकारों में भ्रष्टाचार होता था। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, महानगर अध्यक्ष धर्मेन्द्रनाथ मिश्रा, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी निमित जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता व राहुल सेठी उपस्थित रहे।

## कमिश्नर-डीआईजी तथा जिलाधिकारी-एसएसपी ने मुरादाबाद वासियों को होली की बधाई दी

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद -कमिश्नर श्री आन्जनेय कुमार सिंह, उपमहानिरीक्षक पुलिस श्री शलभ माथुर जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं एसएसपी श्री हेमन्त कुमार मीना ने मुरादाबाद मण्डल एवं जनपद के सभी नागरिकों को होली पर्व पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है। कमिश्नर एवं डी0आई0जी0 पुलिस ने अपने बधाई सन्देश में सभी नागरिकों के लिये सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना करते हुये आह्वान किया है कि हम सभी होली को हर्षोल्लास के साथ मनायें। उन्होंने कहा है कि हमारे त्यौहार हमारी सांस्कृतिक एकता एवं गंगाजमुनी तहजीव के प्रतीक है। उन्होंने सभी का आह्वान किया है कि होली पर्व आपसी एकता भाईचारे मेलजोल व सद्भावना के वातावरण में मनाकर जनपद को चहुँमुखी विकास एवं उन्नति के मार्ग पर अग्रसर करके देश प्रदेश के विकास में जनमानस अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाये। हम सभी त्यौहारों को उनकी मूलभावना के साथ मनायें। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि होली रंगो का त्यौहार है तथा कामना की है कि होली पर्व सभी के जीवन में एक नई उमंग लेकर आयेगा तथा आपस में गले मिलकर समाज में व्याप्त बुराईयों एवं कुरीतियों के अन्धकार को हमेशा के लिये मिटायेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि हम सभी के जीवन में होली पर्व एक नई आशा संचारित करेगा जिससें प्रगति एवं उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

## LIC कार्यालय के बाहर कांग्रेसियों का प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



मुरादाबाद- सोमवार को जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा पीली कोठी स्थित एलआईसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया और जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कांग्रेसियों द्वारा कहा गया कि हिंडनवर्ग रिसर्च रिपोर्ट में दोषी उद्योगपति अडानी के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार संयुक्त संसदीय समिति द्वारा जाँच कराया जाना सुनिश्चित किया जाए,
साथ ही प्रधानमन्त्री द्वारा एलआईसी के करोड़ों उपभोक्ताओं की मेहनत की कमाई का निवेश जबरिया अपने उद्योगपति मित्र अडानी की कम्पनियों में कराया गया हैं।

## स्टेशन पर बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में युवक की मौत; परिजन बोले, प्रेम प्रसंग में हुई है हत्या

मुरादाबाद-घरवालों ने बताया कि सुमित के मोबाइल का लॉक खोला तो उसमें सूर्यनगर लाइनपार निवासी उसकी प्रेमिका की 18 कॉल 23 फरवरी की देर रात की पड़ी थीं। इसके अलावा प्रेमिका के भाई व होने वाले पति की कॉल भी थीं। रेलवे स्टेशन पर अचानक एक युवक की तबीयत बिगड़ गई। उसने फोन पर दोस्तों को सूचना दी। दोस्त उसे अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक के परिजनों ने तीन लोगों के खिलाफ जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। जबकि पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कांशीरामनगर निवासी भूरे सिंह ने तहरीर में बताया कि 23 फरवरी को उनका बेटा सुमित ( 20 ) बिजनौर में परिवार के साथ एक शादी में गया था। देर रात वह किसी को बिना बताए वहां से निकल गया। जब काफी देर तक उसका पता नहीं चला तो उसे फोन किया। तब सुमित ने बताया कि वह ट्रेन में बैठकर मुरादाबाद आ गया है और स्टेशन पर उतर गया है। थोड़ी देर बाद सुमित ने अपने दोस्त राजेंद्र को फोन कर कहा कि उसकी हालत ठीक नहीं है। आकर उसे स्टेशन से ले जाए। तब राजेंद्र और दूसरा दोस्त शुभम स्टेशन से सुमित को लेकर अस्पताल पहुंचे। सूचना पर परिजन भी बिजनौर से मुरादाबाद के अस्पताल में पहुंच गए। 24 फरवरी को इलाज के दौरान सुमित की मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि सुमित ने अस्पताल में बताया था कि उसे जहर दिया गया है।

### परिजन बोले प्रेम प्रसंग में हुई है हत्या

घरवालों ने बताया कि सुमित के मोबाइल का लॉक खोला तो उसमें सूर्यनगर लाइनपार निवासी उसकी प्रेमिका की 18 कॉल 23 फरवरी की देर रात की पड़ी थीं। इसके अलावा प्रेमिका के भाई व होने वाले पति की कॉल भी थीं। सुमित के पिता भूरे सिंह का कहना है कि 27 फरवरी को उस लड़की की शादी होने वाली थी। तीनों लोगों ने सुमित पर दबाव बनाकर उसे मुरादाबाद बुलाया और स्टेशन पहुंचने पर जहर देकर उसकी हत्या कर दी। वहीं जीआरपी इंस्पेक्टर सुधीर कुमार का कहना है कि मृतक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें जांच की जा रही है। अभी स्पष्ट नहीं कहा जा सकता कि उसे जहर दिया गया था, या उसने स्वयं ऐसा कदम उठाया।

## पुरानी पेंशन बहाली समेत 14 सूत्रीय मांगों को लेकर उरमू का प्रदर्शन



मुरादाबाद- पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रेलवे कर्मचारियों द्वारा लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन द्वारा मुरादाबाद मंडल की 17 शाखाओं पर धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है। जिसके तहत सोमवार को उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन द्वारा मुरादाबाद के रेलवे अस्पताल के बाहर पुरानी पेंशन बहाली स्कीम लागू समेत 14 मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कहां गया कि पुरानी पेंशन स्कीम अति शीघ्र ही लागू की जाए।

रेल मंडल के चेकिंग स्टाफ और अन्य सभी विभाग के कर्मचारियों का अक्टूबर 2022 से लंबित यात्रा भत्ता का भुगतान तुरंत किया जाए। इसके अलावा अन्य और मांगी भी की गई।

उरमु क्या मंडल मंत्री शरद सिंह का कहना है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होंगी तब तक हम लोग आंदोलन करते रहेंगे।

## मुठभेड़ में पुलिस ने पकड़ा 25 हजार का इनामी गोतस्कर, साथी फरार



मुरादाबाद-रविवार रात कटघर थाना क्षेत्र में पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी गोतस्कर नाजिम पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसका साथी मुर्सलीन मौके से फरार हो गया। घायल गोतस्कर को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि कटघर थाना के पंडित नगला चौकी प्रभारी संजय सिंह रविवार रात लगभग नौ बजे देवापुर रुस्तकनगर रोड पर चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान बाइक पर दो युवक पहुंचे। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो आरोपी रुस्तमनगर रोड पर भाग लगे। जिसके बाद एसएचओ कटघर राजेश सिंह सोलंकी भी पहुंच गए। पुलिस ने पीछा करके रुस्तमनगर रोड पर एक खाली स्थान के पास बाइक सवारों को घेर लिया। पुलिस से खुद को घिरता देख बाइक सवार बदमाश ने फायर कर दिया। जिसमें पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। जबकि उसका साथी फरार हो गया। बाद में पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी पचाहन मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव खरग निवासी नाजिम के रूप में हुई। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी नाजिम कटघर और मूंढापांडे थाने से वांछित चल रहा था। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित हैं।

आरोपी ने बताया कि मुठभेड़ के समय उसके साथ गांव सिरसखेड़ा निवासी मुर्सलीन भी था, जो पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के पास से 315 बोर का एक तमंचा, तीन जिंदा कारतूस बरामद किया है। वहीं मुठभेड़ की सूचना के बाद एसएसपी हेमराज मीणा भी जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल से बातचीत कर जानकारी ली। साथ ही डाक्टरों से बातचीत कर उसका उचित उपचार कराना सुनिश्चित कराया।

## कलेक्टर ने हर्बल गुलाल निर्मात्री स्वसहायता समूहों को प्रोत्साहित किया

**स्व-सहायता समूहों की महिला ने कलेक्टर से सौजन्य भेंट की**



ग्यासुदीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही- कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया से आज कलेक्टोरेट में हर्बल गुलाल निर्मात्री स्नेहा और आराधना महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने अपने उत्पाद कैरीबैग और हर्बल उत्पाद भेंटकर होली की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्रीमती महोबिया ने समूह द्वारा उत्पादित हर्बल गुलाल की सराहना करते हुए कहा कि समूह का कार्य बहुत बढ़िया है। आगामी वर्षों में हर्बल गुलाल का उत्पादन बढ़ाएं। समूह की महिलाओं ने कलेक्टोरेट परिसर में आज स्टॉल लगाकर हर्बल गुलाल, गुलदस्ता और कैरीबेग का विक्रय किया।

उल्लेखनीय है कि स्नेहा महिला स्वसहायता समूह बारीउमराव ने पालक, लाल भाजी, पलाश, चुकन्दर आदि से हर्बल गुलाल बनाया गया है। इसके अलावा गोबर और हल्दी से गोमय हर्बल गुलाल तैयार किया गया है। इस समूह की 5 महिला सदस्यों ने फरवरी 2023 से इसका निर्माण कार्य प्रारंभ किया था। समूह ने 11 हजार रूपए की लागत एक क्विंटल 40 हजार किलो का हर्बल गुलाल उत्पादन किया। समूह ने अपने स्तर पर हाट-बाजार, दुकान, सार्वजनिक स्थानों में 35 हजार रूपए की बिक्री की है। समूह को लागत से दो गुना आमदनी हुआ है। इसी प्रकार आराधना स्वसहायता समूह कोटमीकला ने भी नवाचार के रूप में 50 किलो का हर्बल गुलाल

## गंगा में उतराता मिला एक व्यक्ति का शव, शिनाख्त नहीं

मुरादाबाद-गुन्नौर। थाना क्षेत्र के गांव ईसमपुर के पास गंगा में एक व्यक्ति का शव उतराता मिला। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई। उसकी आयु करीब 45 वर्ष है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव ईसमपुर निवासी भूरे सिंह गंगा किनारे खेत पर काम करने गए थे। वही गंगा में स्नान करने चले गए। स्नान करते हुए उन्हें एक व्यक्ति का शव गंगा में उतराता दिखाई दिया। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला। पुलिस ने आसपास मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, पर कोई पता नहीं चला। स्थानीय लोगों के मुताबिक शव गंगा में पीछे से बहकर आया है। पानी में पड़ा होने के कारण शव काफी फूल गया है। मृतक हल्के सलेटी रंग की शर्ट व गहरे सलेटी रंग की पेंट पहने हुए है। पुलिस ने शव सील कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। प्रभारी निरीक्षक एनके सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव ईसमपुर गंगा घाट पर गंगा में उतराता हुआ एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

**क्यूँ न लिखूँ सच**

